# एकता व भाईचारे के साथ मनाई गई बकरीद

## वतन की तरक्की व खुशहाली के लिए मांगीं दुआएं

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर में ईदुज्जुहा बकरा ईद का पर्व खुशनुमा अंदाज में एकता भाईचारे के साथ मनाया गया, सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी शहर में दिन भर ईद की रौनक नजर आई। ईदगाह में अल्लाह की इबादत में हजारों लोगों ने सजदा किया।

ईदगाह मार्ग ईद मुबारक के फ्लेल्क से सजा हुआ था। राजीव वार्ड स्थित ईदगाह में सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग एकत्रित हो गए थे। ईदगाह में सामूहिक रूप से हाफिज जुवेर आलम साहब ने नमाज अदा कराते हुये अहले वतन की खुशहाली अमनो अमान के साथ देश की तरक्की के लिए दुआए माँगी। ईदगाह के अलावा जामा मस्जिद में मोहसिन साहब ने, छोटी मस्जिद में हाफिज फिरोज साहब ने फैजाने मदीना मस्जिद में दानिश अत्तारी साहब ने नमाज पढ़ाई। नमाज के उपरांत मुस्लिम समाज के लोग कब्रिस्तान पहुंचे और वहा पर मरहूमों की कब्र पर पुष्प इत्र पेश कर उनकी मगफिरत के लिए दुआएं मांगी।



ईदगाह व मस्जिदों में शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा कर अल्लाह को याद किया। ईद की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम भाईयो के घरों में कुर्बानियां की गई । मुस्लिम समाज ने शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय का पालन भी किया। नगर मे ईद के पर्व पर बधाइयां एवं शुभकामनाओं का सिलसिला जारी रहा। सांप्रदायिक सद्भावना के साथ लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह के समक्ष प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे पुलिस बल भी जगह जगह तैनात रहा । नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन ने ईदगाह जाने वाले मार्ग पर यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। नगर पालिका परिषद द्वारा बेहतर साफ सफाई के साथ पानी टैंकर की उचित व्यवस्थाएं की गई थी।

जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने ईदुज्जुहा के पर्व पर स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर पालिका परिषद द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति आभार जताया।

# राजेश तिवारी केएफ रुस्तमजी पुरुस्कार के लिए चयनित

## प्रमाण पत्र के साथ मिलेगा रिवाल्वर



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जले मे पदस्थ रहे तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राजेश तिवारी का पुलिस विभाग के प्रतिष्ठित के एफ रुस्तमजी पुरुष्कार के लिए चयन हुआ है । इस आशय की घोषणा करते हुए पुलिस मुख्यालय से जारी प्रेस रिलीज मे बताया गया है कि वर्ष 2019-2020 के लिए परम विशिष्ठ श्रेणी मे श्री तिवारी को प्रमाण पत्र के साथ रिवाल्वर बतौर पुरुष्कार प्रदत्त किया जायेगा। यह पुरुष्कार उनके तत्कालीन समय नरसिंहपुर मे पोस्टिंग के दौरान उनकी विशिष्ठ व साहसिक कार्यप्रणाली के लिए दिया जायेगा। उनके साथ ही उस वक्त उनके स्टाफ मे रहे तत्काल सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक को भी प्रमाण पत्र के साथ 50 हजार रुपये नगद राशि से पुरुस्करित किया जायेगा। गौरतलब है कि श्री तिवारी पूर्व मे लम्बे समय तक नरसिंहपुर जिले के कोतवाली नरसिंहपुर, गोटेगांव थाना व गाडरवाड़ा थाना के प्रभारी निरिक्षक रहे, बाद मे अपने सेवा काल के अंतिम दौर मे नरसिँहपुर जिले मे अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक पद पर रहे, वे जबलपुर पुलिस महानिरीक्षक (महिला शाखा) के पद से सेवानिर्वित्त हुए।

## सार-समाचार

### एमपी बोर्ड द्वितीय परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि आज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा वर्ष 2025 की हाई और हायर सेकंडरी सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ा दी गई है। पहले यह तिथि 31 मई तक निर्धारित की गई थी। हाई और हायर सेकंडरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून की रात 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर दिया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिए पूर्व में जारी किए निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

### अधिकारियों के कारण गरीबों के आशियाने नहीं बन सके

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** रानीलक्ष्मीबाई वार्ड भटिया टोला के रह वासियों ने आवास योजना के फॉर्म विगत वर्ष भरे थे जिसमें जमीन के दस्तावेज संलग्न किए थे।लेकिन राजस्व विभाग द्वारा जब आवेदकों की लिस्ट जारी की गई तब सत प्रतिशत आवेदकों को अपात्र घोषित कर दिया गया, ऐसा नहीं कि अधिकारियों द्वारा करण ना लिखा गया हो सभी के कारणों में भूमि के दस्तावेज ना होना लिखा गया है, राजस्व विभाग लगभग 4 अधिकारीयों के हस्ताक्षरो से आदेश जारी किए गए हैं, आदेश जारी करते समय क्या यह चारों अधिकारी शराब के नशे में हस्ताक्षर कर रहे थे यह तो वही बता सकते हैं। एक तरफ तो सरकार गरीबों के आशियाने बनवाने के लिए संकल्पित है दूसरी तरफ ऐसे निकृष्ट अधिकारी जो नशे के झोंके में आदेश जारी करते हैं जिनके कारण सरकार की योजनाएं जनसाधारण तक पहुंचाना को देखते हुए अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति परिसंघ जिला अध्यक्ष एन के नरवरिया द्वारा तत्काल सभी आवेदकों के आदेश को सुधारने की मांग की है।

### प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस और जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एनसीआई हाई स्कूल बसुरिया में बच्चों ने पर्यावरण व जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश रंगोली बनाकर दिया। इस दौरान नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति ने प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड समन्वयक सुश्री स्मिता दांडे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बसुरिया द्वारा आयोजित किया गया।



### भारतीय शक्ति चेतना पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** 7 जून को भारतीय शक्ति चेतन पार्टी का स्थापना दिवस सदर मड़िया प्रांगण में सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनाया गया। जिसमें नशा मुक्ति जन जागरण पदयात्रा का भी आयोजन किया गया और लोगों को नशा मुक्त रहने के लिए प्रेरित किया गया। यह पदयात्रा परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज के दिशा निर्देशन में निकाली गई। जिसमें जिला अध्यक्ष माखन सिंह लोधी एवं अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा समाज को नशा मुक्ति का एवं राष्ट्र रक्षा का संदेश दिया गया।

# संकुल के प्राचार्य रहे जिला शिक्षा अधिकारी को दी विदाई



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** संकुल के प्राचार्य पद पर आरूढ़ रहे जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ब्यौहार का संकुल स्तरीय विदाभिनंदन कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन व विद्यालय की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई।अतिथि स्वागत उपरांत विद्यालय में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य कर चुके मोहद के गीतकार सतीश तिवारी ने स्वरचित विदाभिनंदन पत्र का वाचन किया। स्वागत भाषण विद्यालय के प्रभारी किशोरी लाल चौधरी ने प्रस्तुत किया।

संकुल शाला के समस्त शिक्षकों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर श्रीब्यौहार का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक राकेश श्रीवास व वरिष्ठ प्रधान पाठक महेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।

इस अवसर पर संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित ग्राम व ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# नेमा समाज के अध्यक्ष बने रामगोपाल

## सचिव विनीत व कोषाध्यक्ष विकास मनोनीत

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नेमा समाज नरसिंहपुर की महत्वपूर्ण बैठक राधाकृष्ण मैरिज गार्डन मे संपन्न हुई। जिसमे सर्वसम्मति से नवदायित्व स्वरुप अध्यक्ष एड. रामगोपाल नेमा, उपाध्यक्ष सतीश नेमा, अस्सू नेमा, सचिव विनीत नेमा, सहसचिव आशीष नेमा तुलसी, कोषाध्यक्ष विकास नेमा, कार्यकारणी सदस्य अरविन्द गुप्ता, कैलाशचंद्र नेमा, गणेश नेमा विश्वास, राजेंद्र नेमा एवं मुकेश नेमा मनोनीत किये गये है ।

बैठक मे संगठन सुद्रढीकरण व विस्तार, युवाओं व महिलाओ की सक्रिय सहभागिता, विशेष सम्पर्क अभियान, भवन निर्माण, आगामी समय के कार्यक्रमों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की कार्ययोजना बनाई गयी । इस अवसर पर स्वजातीय बंधुओं की उपस्तिथि रही ।




# अखिल भारतीय साहित्य सम्मान आज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** साहित्यक संस्था चेतना के तत्वाधान में अिल भारतीय साहित्य चेतना सम्मान का आयोजन 8 जून 2025 को दोप. 2 बजे से एडी फलेक्स (छोटू महाराज) चीचलीरोड पर होने जा रहा है ।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव करेगें वहीं मुख्यअतिथि के रूप में डॉ. पी.एस बिन्द्र (वरिष्ठ साहित्यकार भोपाल), श्रीमती साधना स्थापक (पूर्व विधायक गाडरवारा), डॉ ए. के. गर्ग (प्राचार्य एम आई टी कॉलेज नरसिंहपुर), मिनेन्द्र डागा (असि. गवर्नर रोटरी इंटरनेशनल) उपस्थित रहेगें । कार्यक्रम में डॉ. मंजूला शर्मा की कृति मंजूला महारण का विमोचन और देश के विभिन्न अंचलों से पधारे साहित्यकारों का सम्मान किया जाएगा। इस वर्ष प्रतिभा श्रीवास्तव स्मृति साहित्य सम्मान सुषमा चौहान जोधपुर राजस्थाल, स्व प्रेमनारायण त्रिपाठी स्मृति साहित्य सम्मान आभा स्वामी कोटा राजस्थान, स्व रामसागर स्वामी स्मृति साहित्य सम्मान देवेन्द्र मिश्रा जबलुपर, स्व. जगदीश पाटकर स्मृति साहित्य सम्मान कन्हैयालाल साहू भाटा, स्व. रूपराम सोनी स्मृति साहित्य सम्मान अशोक पटसारिया लिधौरा, स्व. श्रीराम साहू स्मृति साहित्य सम्मान डॉ हस्तीमल आर्य जोधपुर, स्व. हुल्कर सिंह कौरव स्मृति साहित्य सम्मान रामनाथ साहू मुरलीडीह, स्व. डॉ भवानी प्रसाद दुबे स्मृति साहित्य सम्मान विजय बागरी जबलपुर, स्व. प्रभुदयाल खरे स्मृति साहित्य सम्मान वंदना सोनी जबलुपर, स्व. रेवाप्रसाद नेमा स्मृति साहित्य सम्मान भाउराव महंम बालाघाट, स्व. रमेश कुमार गुप्ता स्मृति साहित्य सम्मान कुमार चंदन भोपाल को प्रदान किया जा रहा है।

# समर कैंप में कला की बारीकियां सीख रहे बच्चे

## 64 कलाओं में से 16 में बच्चों ने दिखाई रूचि

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** ईएफए नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ईएफए स्किल समर कैंप में बच्चे 64 कलाओं में से 16 कलाओं में कला की बारीकियां सीख रहे हैं। अब तक बच्चे आर्ट एंड क्राफ्ट में मंजु पटेल, अंजु अवधिया,अंजुम कुरैशी आदि के द्वारा जालीदार बैग,फ्लावर पाट, झालर,फूल एवं कागज की विभिन्न वस्तुएं बनाना सीख चुके हैं।

साहित्य में शिराली श्रीवास्तव एवं शालिनी जाट ने बच्चों के सामान्य ज्ञान को बढ़ाने वाले मनोरंजक क्विज करवाए हैं। नमिता शुक्ला, कुंती कतिया आदि ने कहानी विधा एवं संजय साहू,राजेश पटेल ने बेस्ट मैनेजमेंट के बारे में बच्चों को बताया है। पर्यावरण दिवस पर समाजसेवी पंकज महाराज भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

विगत दिनों इस कैंप में शासकीय महिला महाविद्यालय के ड्राइंग के प्रोफेसर डॉक्टर यतींद्र महोबे जिन्होंने खैरागढ़ संगीत एवं कला विश्वविद्यालय से ड्राइंग एवं फाइन आर्ट में पीएचडी की है उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों को ड्राइंग एवं पेंटिंग की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने सबसे पहले बच्चों से कहा कि वह ड्राइंग एवं पेंटिंग सीखकर इसमें अपना कैरियर बना सकते हैं अथवा इसे रोजगार के रूप में अपना सकते हैं।

प्रसिद्ध चित्रकारों की बनाई पेंटिंग लोग करोड़ों रूपयों में खरीदते हैं। उन्होंने बच्चों को



चित्रकला, पोस्टर, कार्टून,रेखाचित्र, पेंटिंग आदि में अंतर समझाया।उन्होंने कहा कि पोस्टर एक संदेश देता हुआ चित्र होता है जबकि रेखा चित्र में हम किसी एक विषय को दर्शाते हैं। चित्र एवं पेंटिंग बनाने में हम ड्राइंग शीट, हैंडमेड शीट, कैनवास आदि का उपयोग करते हैं। कैनवास एक विशेष प्रकार का कपड़ा होता है जिसे किसी फ्रेम पर टाइट कसकर उस पर मीडियम लगाया जाता है जबकि हैंडमेड कागज एक कॉटन बेस्ट शीट होती है। शुरुआत में हम चित्र बनाने में पेंसिल, स्केच, मोम कलर आदि का प्रयोग करते हैं बाद में पेन, वाटर कलर,पोस्टर कलर, एक्रेलिक कलर, ऑयल पेंट आदि का प्रयोग वेस के आधार पर किया जाता है।सामान्यत: कैमरे के चित्र हमें साधारण लगते हैं पर वाटर कलर से बनाई वहीं पेंटिंग दूर से देखने पर हमें आकर्षक लगती है।महोबे सर ने बच्चों एवं शिक्षकों को प्रतिदिन अपने बनाए चित्र एवं उनकी विशेषताओं के बारे में बताया। डॉक्टर महोबे ने बच्चों को फोक आर्ट जैसे मधुबनी पेंटिंग के बारे में बताते हुए उसका बच्चों से अभ्यास करवाया। मधुबनी आर्ट का रेखाचित्र बनवाने के बाद उन्होंने बच्चों को चित्रों में कलर भरना एवं पेंटिंग करना सिखाया। उन्होंने देखते देखते आधे घंटे में सादी ड्राइंग शीट पर पेंटिंग बनाकर छात्रों एवं शिक्षकों को चमत्कृत कर दिया। शिविर में पेंटिंग के अलावा पर्यावरण, कल्चर एवं ट्रेडीशन पर जिले के ईको क्लबों के मास्टर ट्रेनर आनंद नेमा एवं सीसीआरटी प्रशिक्षित शिक्षक संजय चौबे ने बच्चों को जानकारियां प्रदान की।

बच्चों द्वारा पर्यावरण दिवस पर शिविर में शिराली श्रीवास्तव के निर्देशन में एक नाटिका का प्रदर्शन भी किया गया। जिसमें माधुरी गुप्ता, मंजरी शर्मा,दीपा शर्मा आदि ने सहयोग प्रदान किया। अब तक इसी शिविर में डॉक्टर अमित सोनी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा चुका है। शिविर का संचालन कैंप मैनेजर आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, सह मैनेजर सीमा दीक्षित,सीताराम मुड़िया के द्वारा प्रभारी प्राचार्य सुश्री प्रीति नेमा एवं मालती कौछल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

# संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने ली प्राचार्यों की बैठक

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बीते शनिवार को स्थानीय शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग डॉ प्राचीस जैन के आगमन पर साईखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक के प्राचायों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम जैन का स्वागत बीईओ सीमा डोंगरे, नीलम मरावी, प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या, सुनीता पटैल, एस के मिश्रा, सुशील शर्मा एवं शिक्षक संदर्भ समूह से सिराज अहमद सिद्धिकी, मधुसूदन पटैल, पवन राजौरिया ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए डॉ प्राचीस जैन ने कहा कि नए सत्र में एक नई उमंग, नए उद्देश्य को लेकर कार्य करें। नए सत्र को चुनौती वर्ष मानकर कार्य करें एवं हम इस वर्ष और बेहतर करेंगे ऐसा ध्येय सभी का हो। बैठक में श्री जैन ने कहा कि मेधावी छात्र छात्राओं के टैबलेट हेतु जिन छात्र छात्राओं के खातों की प्रविष्टि शेष है एवं हाई व हायर सेकंडरी परीक्षा के द्वितीय अवसर की परीक्षा हेतु जिन भी छात्र छात्राओं ने आवेदन नहीं भरे है उनके भी फार्म जल्द भरवाएं। बैठक में बीआरसी संदीप स्थापक सहित अनेक प्राचार्य उपस्थित रहे।

# वीरांगना क्लब द्वारा पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रमों के तहत वीरांगना क्लब नरसिंहपुर ने फीनिक्स बाल विहार पब्लिक स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व क्लब की अध्यक्ष सविता महोबिया ने किया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें प्रकृति के महत्व को समझने और उसकी रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की प्रेरणा देता है।

पर्यावरण की रक्षा कोई विकल्प नहीं, एक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में क्लब की पूर्व अध्यक्ष पूनम जैन ने कहा कि प्रकृति से प्रेम और उसकी सुरक्षा हमारा नैतिक कर्तव्य है। पूर्व एरिया ऑफिसर अर्चना राय ने कहा



कि पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करेगा।

क्लब की सचिव पूनम धुर्वे, कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया, संरक्षक रूप कला कटारे और उर्वशी पाठक ने भी विचार साझा किए। इस अवसर पर फीनिक्स स्कूल की प्राचार्य शोभना पाल ने पर्यावरण शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और छात्रों को अपने जीवन में हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियों में पौधारोपण, पर्यावरण पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता और जागरूकता रैली शामिल रही। सभी ने पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की शपथ ली और निर्णय लिया कि हर सदस्य हर वर्ष कम से कम पाँच पौधे लगाएगा और उनकी देखभाल करेगा, ताकि यह एक हरित आंदोलन का रूप ले सके।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए